# विजय होंगे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार : टीवीके

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने शुक्रवार को ऐलान किया कि तमिलनाडु में 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए उसकी तरफ से पार्टी के संस्थापक एवं प्रमुख विजय मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इस संबंध में पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक में एक विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही, पार्टी ने अगले माह बड़े पैमाने पर एक राज्य सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। पार्टी ने विचारधारा का प्रसार करने के लिए गांवों में जनसभाएं आयोजित करने का फैसला किया है। इस मौके पर विजय ने कहा कि उनकी पार्टी कभी सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) या भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

उन्होंने कहा, भाजपा ओछी राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को धार्मिक आधार पर बांटना चाहती है। हमारे नीति के विरोधियों और विभाजनकारी ताकतों के साथ कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष गठबंधन नहीं होगा। मैं दृढ़ता से कहता हूं कि हमारा द्रमुक या भाजपा के साथ कोई गठजोड़ नहीं होगा। साथ ही, उन्होंने चेन्नई के लिए परंदुर में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे स्थापित करने के प्रस्ताव पर द्रमुक सरकार की आलोचना की और कहा कि इस कदम से कई हजार परिवार बेघर हो जाएंगे और आसपास में कृषि पर भी बुरा असर



पड़ेगा। विजय ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना करते हुए कहा कि वह परंदुर के लोगों से मिलने तक नहीं गए।

उन्होंने कहा, वे भी हमारे ही लोग हैं... अगर आप परंदुर क्षेत्र के लोगों से मिलने नहीं जाते, तो मैं उन्हें सचिवालय लाकर आपसे मिलवाने को तैयार हूं। कार्यकारिणी की बैठक में विजय को गठबंधन पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया और दो करोड़ सदस्यों को नामांकित करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का भी संकल्प लिया गया।

विजय मतदाताओं से मिलने और पार्टी के लिए समर्थन जुटाने के लिए सितंबर से दिसंबर तक राज्यव्यापी दौरा करेंगे। एक प्रस्ताव में केंद्र से श्रीलंका से कच्चातिवु द्वीप वापस लेने की मांग की गई। एक अन्य प्रस्ताव में नयी दिल्ली में किसानों के प्रदर्शन के दौरान उनके साथ किए गए 'व्यवहार' को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार की निंदा की गई। प्रस्ताव में कहा गया कि टीवीके राज्य में आम किसानों के हित से जुड़े मुद्दों को उठाएगी।

# मोदी, अमित शाह ने तमिलनाडु को अधिक धन आवंटन का झूठा दावा किया : द्रमुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार यह झूठ बोल रही है कि उसके शासनकाल में राज्य को कांग्रेस सरकार की तुलना में अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई है। द्रविड़ पार्टी के आधिकारिक मुखपत्र मुरासोली' ने द्रमुक के 'ओरानियिल तमिलनाडु' (एक टीम के रूप में तमिलनाडु) सदस्यता नामांकन अभियान पर अपने संपादकीय में कहा कि पार्टी हमेशा खुद को नया रूप देती रही है और यही कारण है कि यह अब भी युवा है, हालांकि इसने 75 साल का मील का पत्थर पार कर लिया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक जुलाई को 'ओरानियिल तमिलनाडु' (ओटीएन) अभियान और तीन जुलाई को लोगों तक पहुंचने के लिए घर-घर का दौरा शुरू किया। द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि ओटीएन में चुनाव अभियान, सदस्यता नामांकन, राज्य सरकार की उपलब्धियां और केंद्र द्वारा तमिलनाडु के साथ किए गए कथित विश्वासघात को शामिल किया गया है तथा मोटे तौर पर इसका उद्देश्य राज्य की भाषा और



सम्मान की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट करना है। तमिलनाडु में अप्रैल 2026 में विधानसभा चुनाव होना है।

द्रमुक के तमिल दैनिक ने कहा कि तमिलनाडु के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने तमिलनाडु के साथ विश्वासघात किया है। द्रविड़ अखबार ने आरोप लगाया, केवल विश्वासघात ही भाजपा का तरीका है और वे लोगों का भला करना नहीं जानते। हालांकि, वे झूठ के जरिए लोगों का ध्यान भटकाते हैं। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर केंद्र में बैठे सभी लोग बार-बार झूठ बोल रहे हैं कि तमिलनाडु को कांग्रेस के शासन के मुकाबले भाजपा के शासन में ज्यादा राशि मिल रही है। संपादकीय में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अकसर यही कहते रहते हैं। अखबार ने कहा कि उन्होंने यह नहीं बताया कि वे किन योजनाओं के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करा रहे हैं।




# रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में दिखाई देंगे आमिर खान, पहली झलक आई सामने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** दिग्गज अभिनेता रजनीकांत की नई फिल्म 'कुली' के निर्माताओं ने एक्शन से लबरेज इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता आमिर खान की पहली झलक जारी की है।

'कैथी', 'मास्टर', 'विक्रम' और 'लियो' जैसी फिल्मों के निर्माता लोकेश कनगराज ने 'कुली' का निर्देशन किया है और सन पिक्चर्स' ने फिल्म का निर्माण किया है। आमिर, 'कुली' में संक्षिप्त भूमिका निभाएंगे। आमिर की हालिया रिलीज 'सितारे जमीन पर' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। 'सन पिक्चर्स' ने 60 वर्षीय आमिर की पहली झलक साझा की और उनके किरदार का नाम दहा है। 'सन पिक्चर्स' ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कुली' की दुनिया में दहा के रूप में आमिर खान का स्वागत है। कुली' 14 अगस्त को दुनिया भर में छा जाने के लिए तैयार है।यह फिल्म रजनीकांत की 171वीं फिल्म होगी और इसमें नागार्जुन, श्रुति हसन और सत्यराज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में होंगे। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है और फिल्म की शूटिंग इस वर्ष मार्च में पूरी हुई थी।

# तलाश प्रयासों में देरी नहीं हुई : कोट्टायम मेडिकल कॉलेज की घटना पर मंत्री वासवन का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/कोट्टायम/भाषा।** केरल के सहकारिता मंत्री वी एन वासवन ने शुक्रवार को इन आरोपों को खारिज किया कि कोट्टायम मेडिकल कॉलेज के ढहे हिस्से में तलाश एवं बचाव अभियान में देरी हुई या उसे रोक दिया गया। वासवन ने ऐसे दावों को ''राजनीति से प्रेरित'' बताया। मंत्री का यह बयान विपक्षी दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तेज विरोध के बीच आया है। दोनों दलों ने एक दिन पहले इमारत ढहने से दो बच्चों की 52 वर्षीय मां की मौत के बाद स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के इस्तीफे की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाया था कि तलाश अभियान में देरी के कारण महिला की मौत हुई जो 'हत्या के समान' है।

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रमुख सनी जोसफ ने आरोप लगाया कि घटना के बाद मौके पर पहुंचे मंत्री वासवन और जॉर्ज ने मामले को कमतर दिखाने की कोशिश की जिसके परिणामस्वरूप तलाश अभियान में देरी हुई। उन्होंने दावा किया कि जॉर्ज को पद पर बने रहने का कोई नैतिक या कानूनी अधिकार नहीं है। जोसफ ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल पहुंचने के बाद उन्होंने घटना के बारे में प्रारंभिक जांच कराने की भी कोशिश नहीं की। उन्होंने कोट्टायम में हादसे में मारी गई महिला बिंदु के परिवार से मिलने के बाद शुक्रवार को कहा, इस मामले में कर्तव्य की गंभीर उपेक्षा की गई और आपराधिक लापरवाही हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस घटना के सिलसिले में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करेगी और घटना की न्यायिक जांच की मांग करेगी।



कोट्टायम मेडिकल कॉलेज की घटना में बिंदु (52) की मौत हो गई और तीन अन्य – अलीना (11), अमल प्रदीप (20) और जिनु साजी (38) घायल हो गए। इससे पहले दिन में वासवन ने पत्रकारों से कहा कि उनकी और राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज की यह टिप्पणी कि ढहे हुए हिस्से में कोई नहीं था, चिकित्सा अधीक्षक और अस्पताल के प्राधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी पर आधारित थी। वासवन ने दावा किया कि उन्होंने घटनास्थल पहुंचने पर अग्निशमन एवं बचाव कर्मियों को मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन या जेसीबी की तुरंत व्यवस्था करने को कहा था और यह पता लगाने के निर्देश दिए थे कि मलबे में कोई फंसा तो नहीं है। उन्होंने कहा कि भारी मशीनरी को वहां लाने में समय लगा क्योंकि इसके लिए रास्ता बनाया गया।

उन्होंने कहा, बचाव अभियान न तो रोका गया और न ही इसमें देरी हुई। इस तरह के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और राजनीतिक लाभ के लिए लगाए गए हैं। इस बीच बिंदु के घर पर दुख का माहौल देखा गया। बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। अंतिम संस्कार दोपहर तक किए जाने की उम्मीद है। कोट्टायम सरकारी मेडिकल कॉलेज के वार्ड 10, 11 और 14 के समीप स्थित शौचालय परिसर उस समय ढह गया था जब नवनिर्मित सर्जिकल ब्लॉक में अस्पताल का परिचालन पूर्णतः स्थानांतरित करने की प्रक्रिया जारी थी।

कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन 'यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (यूडीएफ) ने बचाव अभियान शुरू करने में देरी का बृहस्पतिवार को आरोप लगाते हुए दावा किया कि लापता महिला के रिश्तेदारों द्वारा चिंता जताए जाने के बाद ही खोज अभियान गंभीरता से शुरू किया गया। विपक्ष ने मंत्री जॉर्ज पर इस्तीफा देने का दबाव भी बनाया और घटना की न्यायिक जांच की मांग की। कोट्टायम जिले के थालयोलापरम्बु की बिंदु को घटना के दो घंटे से ज़्यादा समय बाद मलबे से निकाला गया और उसे मृत घोषित कर दिया गया। शुक्रवार को महिला के परिवार ने दावा किया कि अब तक किसी भी मंत्री या सरकार के किसी भी व्यक्ति ने उनसे संपर्क नहीं किया है। उनके पति ने दावा किया कि घटना के बाद वह अस्पताल में मौजूद थे लेकिन किसी भी मंत्री ने उनसे संपर्क करने की ज़हमत नहीं उठाई।

वहीं मंत्री वासवन ने कहा कि सरकारी प्रतिनिधियों के माध्यम से महिला के परिवार के साथ चर्चा की गई और शीघ्र पोस्टमार्टम सहित उनकी मांगों पर विचार किया गया। वासवन ने कहा, उन्हें यह भी बताया गया कि महिला की बेटी के इलाज और परिवार के लिए मुआवजे से संबंधित उनकी अन्य मांगों पर भी सरकार विचार करेगी। मेडिकल कॉलेज में बिंदु की बेटी की सर्जरी होनी थी और इसी के लिए वह अस्पताल में थीं।

# कच्चातिवु द्वीप को सौंपने का कोई इरादा नहीं : श्रीलंका के विदेश मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोलंबो।** श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि उनके देश का कच्चातिवु द्वीप छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। हेराथ ने बृहस्पतिवार को सिरासा टीवी से बातचीत में कहा, ''इस मुद्दे को सुलझाने के लिए हमारे राजनयिक माध्यम हैं लेकिन यह तय है कि श्रीलंका कभी भी कच्चातिवु को छोड़ने के लिए सहमत नहीं होगा।'' श्रीलंका के विदेश मंत्री ने यह बात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों को लगातार गिरफ्तार किए जाने की घटनाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में कही। भारत और श्रीलंका के मछुआरे एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश कर जाते है और वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 जून को कहा था कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान हुए



एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकारों को छोड़ दिया गया था। हेराथ ने इस मुद्दे को यह कहते हुए टाल दिया कि कच्चातिवु मुद्दे पर ''बयानबाजी'' केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बीच राजनीतिक ''वाद-विवाद'' है। हेराथ ने भारतीय मछुआरों पर कच्चातिवु के निकट मछली पकड़ने के लिए श्रीलंका की समुद्री सीमा में घुसने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे न केवल संसाधनों को लूटते हैं बल्कि समुद्री पौधों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन हम निश्चित रूप से जानते हैं कि भारत सरकार श्रीलंकाई जलक्षेत्र में लगातार अवैध मछली पकड़ने के पक्ष में नहीं है।''

## माकपा के वरिष्ठ नेता अच्युतानंदन की हालत गंभीर

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** हृदयाघात के बाद तिरुवनंतपुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी एस अच्युतानंदन की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया कि उनकी स्वास्थ्य स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है। बुलेटिन में कहा गया कि वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता जीवन रक्षक प्रणाली पर हैं और उनका डायलिसिस किया जा रहा है।

अच्युतानंदन (101) को हृदयाघात और आयु संबंधी बीमारियों के कारण 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रख रही है।

## पति ने महिला पार्षद की हत्या कर दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** चेन्नई के पश्चिमी उपनगर तिरुनिनरावूर नगर निगम की एक महिला पार्षद की उसके पति ने निजी विवाद के कारण कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतका एस गोमती (38) ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था और नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल की थी। पुलिस ने बताया कि पार्षद के पति स्टीफन राज ने बृहस्पतिवार रात को तिरुनिनरावूर के पेरियार कॉलोनी में अपने घर के पास पत्नी पर हमला किया और उसके खून से लथपथ शव को छोड़कर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि दंपति की शादी को लगभग दस वर्ष हो गये थे। दोनों विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) पार्टी के सदस्य थे।

**बैठक**



बेंगलूरु में शुक्रवार को विधान सौधा सम्मेलन हॉल में हेमावती परियोजना की तुमकुर शाखा नहर के अंतर्गत लिंक नहर कार्य के संबंध में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय जल शक्ति एवं रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर, सांसद, विधायक, वरिष्ठ अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### वीटीयू के 25वां दीक्षांत समारोह

# राज्यपाल का स्नातकों से राष्ट्र निर्माण के लिए ज्ञान समर्पित करने का आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी।बेलगावी में विश्वेश्वरैया प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वीटीयू) के 25वें दीक्षांत समारोह में अपने उत्साहवर्धक संबोधन में कर्नाटक के माननीय राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने विश्वविद्यालय के स्नातकों से अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने नव-सम्मानित स्नातकों को संबोधित करते हुए कहा, चुनौतियाँ आएंगी और असफलताएँ अवश्यंभावी हैं – लेकिन असफलता एक सबक है और हर संघर्ष एक अवसर है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा, सपने वे नहीं हैं जो आप नींद में देखते हैं; सपने वे हैं जो आपको जगाए रखते हैं। बड़े सपने देखें, राष्ट्रहित में सपने देखें और उन सपनों को साकार करने का प्रयास करें।

भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि देते हुए राज्यपाल ने उन्हें तकनीकी उत्कृष्टता, दूरदर्शी सोच और देशभक्ति की भावना का




प्रतीक बताया। उन्होंने स्नातकों से इस विरासत का अनुसरण करने का आग्रह किया और उन्हें याद दिलाया कि ज्ञान केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए सार्थक योगदान देने की जिम्मेदारी है। चौथी औद्योगिक क्रांति के परिवर्तनकारी युग पर प्रकाश डालते हुए, श्री गहलोत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और स्वच्छ ऊर्जा जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव का उल्लेख किया। इस तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में, युवा प्रौद्योगिकीविदों के रूप में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। आप एक ऐसी दुनिया में नवाचार के मामले में सबसे आगे हैं जो अब पहले से कहीं अधिक परस्पर जुड़ी हुई है। राज्यपाल ने स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी राष्ट्रीय पहलों की प्रशंसा की और इन आंदोलनों में युवा पेशेवरों और छात्रों के महत्वपूर्ण योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, आपके नवाचार, आपके विचार और आपकी कार्यशैली भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण सिंचाई से लेकर साइबर सुरक्षा तक हमारे समाज के सामने आने वाली चुनौतियाँ प्रभाव के लिए अपार अवसर प्रस्तुत करती हैं। आजीवन सीखने की मानसिकता को प्रोत्साहित करते हुए राज्यपाल ने कहा, प्रतिदिन नई प्रौद्योगिकियां उभर रही हैं। आज जो अत्याधुनिक है, वह कल अप्रचलित हो जाएगी। जिज्ञासु बने रहें, प्रेरित रहें और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध रहें।

उन्होंने प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कर्नाटक की अग्रणी भूमिका पर भी प्रकाश डाला और कहा, बेंगलूरु को वैश्विक स्तर पर एक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है और कर्नाटक आईटी, जैव प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप और नवाचार में अग्रणी बना हुआ है। अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप इस विरासत को आगे ले जाएं और भारत को वैश्विक तकनीकी महाशक्ति के रूप में उभरने में योगदान दें।

अपने संबोधन के समापन पर राज्यपाल ने स्नातकों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करें। आइए हम ज्ञान के साथ आगे बढ़ने, उद्देश्यपूर्ण नवाचार करने और अपने राज्य और देश को गौरवान्वित करने का संकल्प लें। दीक्षांत समारोह में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, वीटीयू के कुलपति प्रो. एस. विद्याशंकर और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

# इंडसइंड बैंक ने चेन्नई में पूर्णतः महिला शाखा का किया उद्घाटन




**चेन्नई।** निजी क्षेत्र के बैंक इंडसइंड बैंक ने खुदरा बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए शहर में एक महिला बैंक शाखा का उद्घाटन किया। बैंक के बयान के अनुसार, वेलप्पनचवडी में सविता डेंटल कॉलेज परिसर में स्थित यह देश में बैंक की यह 12वीं महिला शाखा है। महिलाओं द्वारा संचालित इस शाखा के उद्घाटन पर इंडसइंड बैंक के प्रमुख (शाखा बैंकिंग एवं गृह बाजार) विनीत धर ने कहा, यह पहल एक समावेशी एवं समतामूलक बैंकिंग परिवेश के निर्माण के हमारे सतत दृष्टिकोण का प्रमाण है। सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज के संस्थापक एवं चांसलर एन. एम. वीरयान ने द प्यूपिल सविता इको स्कूल की निदेशक डॉ. सविता और सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की निदेशक डॉ. राम्या की उपस्थिति में शाखा का औपचारिक उद्घाटन किया। विज्ञप्ति के अनुसार 31 मार्च 2025 तक इंडसइंड बैंक दक्षिण भारत में 800 से अधिक शाखाओं का संचालन कर रहा है।

# हिरासत में पुलिस की पिटाई में मारे गए अजित कुमार को 50 बाहरी चोटें आईं : अन्नाद्रमुक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस द्वारा की गई पिटाई में मारे गए शिवगंगा जिले के मंदिर के एक गार्ड अजित कुमार की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कई भयावह तथ्य सामने आए हैं।

मुख्य विपक्षी दल ने एक सरकारी अस्पताल की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए चोटों की सूची दी और कहा कि जिन लोगों ने ऐसे घाव दिए, वे मनुष्य के रूप में जानवर हैं। ऑल इंडिया अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने आभूषण चोरी के एक छोटे से मामले में संदिग्ध से पूछताछ करने के लिए शिवगंगा जिले में विशेष पुलिस दल की आवश्यकता पर आश्चर्य व्यक्त किया।

अन्नाद्रमुक के आईटी प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 50 बाहरी चोटें, जलती सिगरेट से यातनाएं, सिर पर गंभीर प्रहार, मस्तिष्क में रक्त का रिसाव... इसके अलावा, पार्टी ने कहा कि पेट पर लकड़ी का एक लट्ठा मारा गया, जिससे चोटें आईं, और हर एक चोट जो दी गई, वह बेहद भयावह थी। पार्टी ने शिकायतकर्ता के पिछले इतिहास का हवाला देते हुए संदेह और भ्रम का हवाला दिया। शिकायतकर्ता महिला ने अपनी कार से सोने के आभूषण चोरी होने का आरोप लगाया था। इसके बाद, इस सिलसिले में पुलिस ने मंदिर के अस्थायी गार्ड कुमार से पूछताछ करते समय 28 जून को कथित तौर पर उसे प्रताड़ित किया और पीट-पीटकर मार डाला।

मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने कहा था कि एक हत्यारा भी किसी व्यक्ति को इतनी चोट नहीं पहुंचा सकता।

कुमार की कथित पोस्टमार्टम रिपोर्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक जुलाई को मामला सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया और कहा कि सरकार केंद्रीय एजेंसी को पूरा सहयोग देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि पूछताछ के लिए ले जाए गए कुमार की पुलिस द्वारा की गई पिटाई के कारण तिरुप्पुवनम में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। उन्होंने कहा, यह अनुचित है और इसे माफ नहीं किया जा सकता। कुमार शिवगंगा जिले के तिरुप्पुवनम तालुक के मदाप्पुरम गांव के रहने वाले थे।



# सामूहिक विवाह सम्मेलन से मिल रही समाज को सकारात्मक दिशा : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर।राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। शर्मा शुक्रवार को यहां राज्य महिला सदन, सांगानेर में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जरूरतमंदों का सहारा बन रहे हैं। ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन हमारी सरकार की सामाजिक समावेशन और महिला सशक्तिकरण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

यह आयोजन सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित बेटियों के लिए एक नया सवेरा है। इससे उन्हें सम्मान, स्नेह और आत्मनिर्भरता की राह मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सामूहिक विवाह के बाद 1900 से अधिक युवकों ने विवाह के लिए आवेदन किया था। इनमें से 11 योग्य युवकों का चयन किया गया, जो आज हमारी लाड़लियों के जीवनसाथी बने हैं। यह चयन प्रक्रिया पारदर्शी रही, इसमें बेटियों के सम्मान और पसंद को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। शर्मा ने कहा कि हमारा दृढ़ संकल्प है कि प्रदेश की हर बेटी, हर महिला न केवल आत्मनिर्भर बने बल्कि समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए।

हमारी सरकार ने उनके कल्याण और सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ लाखों बालिकाओं और महिलाओं तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में विवाह के लिए 21 हजार से 51 हजार रुपये तक की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पिछले डेढ़ वर्ष में 13 हजार से ज्यादा बेटियों को 71 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। लाडो प्रोत्साहन योजना बालिकाओं के जन्म को प्रोत्साहित करने और उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए एक गेम-चेंजर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री ने 11 लाड़लियों और उनके जीवनसाथियों को सुखी-वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 21-21 हजार रुपये की सहायता राशि के चैक भेंट किए।

## मेवाड़ महामंडलेश्वर संत चेतनदास महाराज का निधन

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के कपासन स्थित मुंगाणा धाम के पीठाधीश्वर मेवाड़ महामंडलेश्वर संत चेतनदास महाराज का शुक्रवार को निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संत चेतनदास महाराज (90) लम्बे समय से बीमार थे और उदयपुर के एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन थे। इसी दौरान सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार सुनकर भक्तों में शोक व्याप्त हो गया और बड़ी संख्या में लोग अस्पताल एवं मुंगाणा स्थित उनके आश्रम पहुंच गये। आश्रम सूत्रों ने बताया कि महाराज जी के अंतिम दर्शन के लिए उनकी महाप्रयाण यात्रा शनिवार प्रातः आठ बजे मुंगाणा कस्बे में निकाली जाएगी और पूर्वाह्न 11 बजे उनके आश्रम में ही समाधिस्थ किया जाएगा। मूलतः मध्यप्रदेश के निवासी संत चेतनदास महाराज की बाल्यकाल से कृष्ण भक्त थे और वैराग्य के बाद वह मुंगाणा आ गये। वहां कृष्ण स्वरूप प्रतिमा खुदाई में निकलने पर उन्होंने वहां सांवलियाजी का एक भव्य मंदिर बनवाया। अपने जीवनकाल में उन्होंने मेवाड़ एवं मध्यप्रदेश के करीब 1700 मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया था। उनके भक्त इस क्षेत्र ही नहीं बल्कि देश के विभिन्न प्रांतों के साथ विदेशों में भी है।

## राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी, पोकरण में 128 मिलीमीटर वर्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में दक्षिण पश्चिम मानसून की तेज बारिश का दौर जारी है और पिछले 24 घंटे में सर्वाधिक 128 मिलीमीटर बारिश पोकरण में हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अनेक भागों में तेज बारिश का दौर अभी जारी रहेगा।

इसके अनुसार शुक्रवार सुबह तक पिछले चौबीस घंटे की अवधि में राज्यभर, खासतौर पर पश्चिमी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक बारिश पोकरण (जैसलमेर) में 128 मिलीमीटर हुई।

वहीं राज्य के एक दो जिलों में अब भी तेज गर्मी पड़ रही है और सर्वाधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में आगामी चार-पांच दिन बारिश की गतिविधियां जारी रहने व कहीं-कहीं भारी/अतिभारी बारिश की संभावना है। वहीं जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी आगामी दो-तीन दिन मध्यम व कहीं-कहीं तेज बारिश हो सकती है।

## भजनलाल ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार सुबह स्वामी विवेकानंद को उनकी 123वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर स्वामीजी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने देश के युवाओं में आत्मबल, राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक गौरव का संचार किया। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके प्रसिद्ध संदेश 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो' से प्रेरित होकर युवा 'विकसित भारत' के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।



विवेकानंदजी का जीवन सेवाभाव, आत्मविश्वास और कर्मयोग के मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि विश्व को शांति और सद्भावना का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद के विचार हमारे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों को विश्वपटल पर स्थापित किया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार युवाओं, किसानों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार स्वामी विवेकानंद के विचार 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है, दूसरों की सेवा करना ही सच्चा जीवन है' को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर उपस्थित अधिकारियों- कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद के चित्र समक्ष पुष्प अर्पित किए।

# मोदी की दूरदर्शी और प्रभावी विदेश नीति ने भारत को वैश्विक मंच पर दी नई पहचान : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी और प्रभावी विदेश नीति ने भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान दी है और उनकी कुशल कूटनीति और नेतृत्व ने भारत को विश्व के सबसे शक्तिशाली और सम्मानित देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लंदन में यूके की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित 12वें 'भारत गौरव अवार्ड' समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि देश की अनमोल प्रतिभाओं ने अपने कार्यों से भारत की ताकत और संभावनाओं से विश्व को परिचित कराया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल भारतीय प्रतिभाओं के सम्मान का उत्सव ही नहीं बल्कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत और सौहार्दपूर्ण संबंधों का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समृद्ध संस्कृति, आतिथ्य और गौरवशाली इतिहास के लिए दुनिया भर में विख्यात हमारा प्रदेश राइजिंग राजस्थान पहल के माध्यम से विकास की नई गाथा लिख रहा है। 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों ने राज्य में रोजगार और समृद्धि की अपार संभावनाएं बनाई हैं। पिछले डेढ़ वर्ष में राजस्थान ने निवेश,



नवाचार और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। शर्मा ने कहा कि राजस्थान में विकास की अपार संभावनाएं हैं। खनन, पर्यटन और उद्योग सेक्टर में राजस्थान आगे बढ़ रहा है। यहां शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महल, किले, हवेलियों की भव्यता और गौरवशाली इतिहास को देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं। वहीं धार्मिक स्थलों, अभ्यारण्यों एवं रेगिस्तानी क्षेत्र में भी पर्यटन का तेजी से विस्तार हो रहा है।

उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि प्रवासी भाई-बहन राजस्थान आएं और यहां निवेश कर विकास यात्रा का हिस्सा बनें। उनका योगदान राजस्थान को नई उंचाईयों पर ले जाएगा।

साथ ही, भारत के वैश्विक नेतृत्व को और अधिक सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने समारोह में सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि 'भारत गौरव अवार्ड' समारोह देश की असीम संभावनाओं, हमारी एकता और वैश्विक मंच पर हमारी बढ़ती ताकत का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि संस्कृति युवा संस्थान द्वारा आयोजित इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर और दुपट्टा ओढ़ाकर भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व के 18 देशों से आए प्रतिनिधियों ने समारोह में भाग लिया। समारोह में लंदन के सांसद नवेंदु मिश्रा, यूनाइटेड किंगडम की पूर्व केन्द्रीय मंत्री और हाउस ऑफ लॉर्ड्स की सदस्य बैरोनेस संदीप वर्मा, हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य रामी रेंजर, लंदन के पूर्व मेयर सुनील चोपड़ा, पूर्व सांसद वीरेंद्र शर्मा, प्रयाग महाकुंभ के सलाहकार राकेश के. शुक्ला, संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



# बीएलओ चुनाव व्यवस्था की फील्ड पर सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : महाजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स चुनाव व्यवस्था की फील्ड पर सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं, जो मतदाता सूची की शुद्धता एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं। अतः उनकी नियुक्ति में कार्य कुशलता, प्रतिबद्धता और स्थानीय मतदाताओं से संपर्क जैसे गुणों को प्राथमिकता दी जाए। महाजन शुक्रवार को शासन सचिवालय में मतदान केंद्र रेशनलाइजेशन, मतदाता सूची पुनरीक्षण, बीएलओ नियुक्ति आदि विषयों पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोलिंग स्टेशन रेशनलाइजेशन का कार्य पूर्णतः मतदाता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जाए। रेशनलाइजेशन इस प्रकार हो कि हर मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की आसान पहुँच, मूलभूत सुविधाएँ, दूरी आदि का संतुलन बना रहे। उन्होंने प्रत्येक मतदान केंद्र पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के रूप में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति के लिए निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि रिक्त पदों पर बीएलओ की जल्द नियुक्ति की जाये और संभावित नए मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ नियुक्ति की प्रक्रिया भी प्रारंभ करें। जिससे मतदाता सूची निर्माण में और अधिक पारदर्शिता लाई जा सके। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुडवाने, हटवाने और संशोधन से संबंधित जानकारी सरलता एवं सुगमता से आमजन तक उपलब्ध हो, इसके लिए विभिन्न प्रचार सामग्रियों एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के निर्देश दिए।

## जैसलमेर में निजी बस की टक्कर से चरवाहे व 25 भेड़ों की मौत

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर जिले में एक निजी बस ने भेड़ों के एक रेवड़ (समूह) को कुचल दिया जिससे चरवाहे तथा 25 भेड़ों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सदर थाने के सहायक उप निरीक्षक एएसआई मुकेश बीरा ने बताया कि यह हादसा जैसलमेर-बाड़मेर राजमार्ग बृहस्पतिवार रात उस समय हुआ जब निजी यात्री बस बाड़मेर से जैसलमेर आ रही थी। उन्होंने बताया कि छोड़ गांव का निवासी बसीर खान 35 भेड़ों के साथ लौट रहा था तभी बस ने उसे तथा उसके रेवड़ को टक्कर मार दी। बीरा ने बताया कि चालक वाहन लेकर फरार हो गया और सूचना मिलने पर पुलिस व अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

बसीर खान को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि 35 में से 25 भेड़ों की भी मौत हो गई और 10 घायल हैं। पुलिस ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है।



# चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस नेताओं के साथ किया गया व्यवहार अशोभनीय : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिहार चुनाव से पूर्व चुनाव आयोग द्वारा कांग्रेस नेताओं के साथ किए गए व्यवहार को बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि देश किस दिशा में जा रहा है और किस दिशा में जाएगा, यह उसका नमूना है। गहलोत शुक्रवार को मीडिया के इस बारे किए सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह लंबे अरसे से कह रहे है कि देश किस दिशा में जा रहा है, किस दिशा में जाएगा, उसका यह नमूना है जो कांग्रेस नेताओं के साथ जो व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा मेरे ख्याल से इतिहास में , आजादी के बाद में पहली बार इलेक्शन कमीशन के जो वहां पर जो भी लोग थे चेयरमैन थे मेंबर थे या जो भी व्यवहार किया गया है जिसने भी किया है मैं समझता हूं वो बहुत अनफॉर्चुनेट है।

मैने कभी सुना ही नहीं, हम लोग भी कई बार गए हैं हम ने भी कई ऐसी बीते समय में कही होंगी उससे हो सकता है चेयरमैन को, ईसीआई चेयरमैन को या मेंबर को अच्छा नहीं लगा होगा तब भी उनका व्यवहार बड़ा शालीनता से होता था, उनकी ड्यूटी भी है कि कोई नागरिक है देश का मतदाता कोई भी है, नेता है पॉलिटिकल पार्टी का उसको धैर्य से सुनें और निष्पक्ष फैसला करें यह ड्यूटी है।

बहुत बड़ी ड्यूटी है, इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया किसे कहते हैं जिसके ऊपर पूरा चुनाव डिपेंड करता है बहुत बड़ी संस्था है बहुत क्रेडिबल संस्था है उसके बारे में जो कल परसों सुन रहे हैं जो व्यवहार किया गया है वो बहुत ही मैं समझता हूं अशोभनीय है इनको किन शब्दों में आलोचना करूं मेरी समझ नहीं आ रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र को लेकर कई सवाल उठाए थे उसका भी प्रॉपर जवाब नहीं दे पाए ये लोग। उनको आर्टिकल लिखना पड़ा, उसका कोई जवाब नहीं तो ये व्यवहार इलेक्शन कमीशन के पार्ट पर किसी भी ढंग से उचित नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा मेरे ख्याल से इसका रिएक्शन पूरे देश के अंदर है और बहुत भयंकर रिएक्शन है।

बहुत भयंकर रिएक्शन तो इस प्रकार का व्यवहार तो मैंने कभी सुना नहीं किसी डेलिगेशन हो विपक्ष का हो इंडिया गठबंधन का हो ऐसा व्यवहार तो मैंने कभी सुना ही नहीं ये पहली बार मैं सुन रहा हूं , आप सोच सकते हो कि देश कहां जा रहा है कैसे जाएगा, सब दबाव में काम कर रहे हैं देश के अंदर, इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई को पहले से हम कह रहे हैं दबाव में ये प्रीमियर संस्था तीनों हैं।

# सरकार समग्र जनकल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध : जोगाराम पटेल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही समग्र जनकल्याण और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा जनता तथा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के प्रति अधिकारी गंभीरता बरतें तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए सुशासन से परिपूर्ण राज-काज का आदर्श प्रस्तुत करें। इसके लिए विभागीय स्तर पर जन समस्याओं के निस्तारण के लिए पहल करें ताकि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्रातिशीघ्र हो सके और इसके लिए उन्हें अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े।

पटेल ने कहा कि बुनियादी लोक सेवाओं तथा जन सुविधाओं की नियमित एवं निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना विभागीय अधिकारियों का सर्वोपरि दायित्व है,जिसे संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निर्वहन करना चाहिए ताकि सुशासन के संकल्प को साकार किया जा सके।

उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना तथा इनके बारे में संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उनके संतोषपूर्ण एवं त्वरित समाधान के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जनसुनवाई में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, पंचायतीराज, राजस्व, डिस्कॉम, चिकित्सा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों पर सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व कुलपति डॉ गुलाबसिंह चौहान, प्रो.गंगाराम जाखड़, प्रो. रामनिवास शर्मा, खींवराज जांगिड़ सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषक उपहार योजना में किसानों को मिले नगद पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा किसानों को ई-नाम एवं ई-पेमेंट को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से लागू की गई कृषक उपहार योजना के तहत चयनित कृषकों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के शासन सचिव श्री राजन विशाल ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन मे राज्य स्तरीय ऑन-लाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित किसानों को पुरस्कार स्वरूप चेक वितरित कर सम्मानित किया। योजना के तहत कृषि उपज मण्डी कोटा के कृषक श्री गोलू (मनजीत सिंह) के 2 लाख 50 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार, हनुमानगढ मण्डी के कृषक श्री ओम प्रकाश के 1 लाख 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरस्कार और कोटा कृषि उपज मंडी मण्डी के कृषक श्री रामभरोस के 1 लाख रूपये का तृतीय पुरस्कार निकला था। जिन्हें शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी द्वारा चेक वितरित कर सम्मानित किया गया। इन किसानों को उनके राज किसान पोर्टल पर पंजीकृत ई-नाम और ई-पेमेंट आधारित विक्रय लेनदेन के आधार पर राज्य स्तरीय ऑन-लाइन लॉटरी प्रक्रिया से चयनित किया गया। शासन सचिव ने इस अवसर पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि कृषक उपहार योजना न केवल किसानों को डिजिटलीकरण की ओर प्रोत्साहित करती है।



RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

प्राचीन सती प्रथा से भी अनंत गुना ज्यादा खतरनाक है विधवा प्रथा। इस प्रथा में जिंदगी भर महिला का तिरस्कार और उसकी उपेक्षा करके उसकी आत्मा को छलनी छलनी कर देते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्म ग्रंथ में विधवा शब्द का उल्लेख नहीं है, ऐसे में उस विधवा महिला को नारकी जीवन जीने को मजबूर करना कहां का न्याय है? नारी को दूसरे नंबर का दर्जा देना, हीनभावना से देखना अपशगुन मानना, माता दुर्गा-सरस्वती-लक्ष्मी का अपमान करने के समान है। शील व्रत पालने वाली महिला किसी भी देवी से भी महान होती है।

# विषयानुराग को घटाकर धर्मानुराग को बढ़ाने का अवसर है चातुर्मास : कपिल मुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** यहाँ गोपालपुरम में लॉयड्स रोड स्थित छाजेड़ भवन में युवामनीषी संतश्री कपिल मुनिजी म.सा. ने श्री जैन संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे विशाल जनमेदनी के साथ चातुर्मासार्थ प्रवेश किया। मुनि श्री ने लॉयड्स रोड स्थित अमरचंद अशोक कुमार छाजेड़ के निवास स्थान से शोभा यात्रा के रूप में प्रस्थान किया।

मुनि श्री की यह प्रवेश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई लॉयड्स रोड स्थित छाजेड़ भवन में पहुंचते ही धर्म सभा में तब्दील हो गयी। जहाँ संघ के संरक्षक सुभाषचंद रांका, सुनील भड़कतिया, संयोजक विजयकुमार कोठारी, अशोक रांका, शांतिलाल सकलेचा नवरत्न आच्छा अशोक छाजेड़, सूरज छाजेड़ ने गुरुदेवश्री की अगवानी करके स्वागत किया। सर्वप्रथम मुनि श्री ने नवकार मन्त्र है महामंत्र प्रार्थना से पञ्च परमेष्ठी की स्तुति का संगान किया जिसका उपस्थित जन समुदाय ने समवेत स्वरों में उच्चारित करके माहौल में भक्ति रस घोल दिया। इस मौके पर क्रांतिकारी संत श्री कपिल मुनि जी म.सा. ने अपने उद्बोधन में कहा कि चातुर्मास एक अवसर है अपनी प्रवृति को संयमित और सीमित करने का।



चातुर्मास प्रवेश में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

मुनिश्री ने कहा कि इस अवसर पर मुझे और आपको क्या करना चाहिए? धर्म प्रभावना करना ही चातुर्मास का ध्येय है। सही मायने में धर्म प्रभावना तभी होगी जब हम अपनी आत्मा को जप तप की साधना से प्रभावी बनाने का प्रयत्न करेंगे। और रत्नत्रय (ज्ञान, दर्शन, चारित्र) के तेज से आत्मा को निखार कर दान शील और तप की साधना से धर्म की महिमा को बढ़ायेंगे। मुनिश्री ने आगे कहा कि पुण्य की प्रबलता से ही संत समागम और जिनवाणी श्रवण का दुर्लभतम संयोग प्राप्त होता है। इस संयोग का हमें उपयोग करने की कला को विकसित करना चाहिए। इस योग का सही उपयोग तभी हो सकेगा जब हम अपने भीतर श्रद्धा की लौ प्रज्वलित करेंगे। श्रद्धा के बल पर ही कोई इंसान गुरु के वचन को गुरु प्रसाद के रूप में स्वीकार करता है। और जीवन को दिव्यता और भव्यता का रूप प्रदान करता है।

संघ के मंत्री राजकुमार कोठारी ने चातुर्मास का लाभ प्रदान करने के लिए मुनि श्री के प्रति आभार प्रकट किया और सभी सदस्यों से इसका लाभ लेने हेतु आग्रह पूर्ण निवेदन किया। गुरुदेवश्री के इस प्रवेश कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए जैन कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष आनंदमल छल्लाणी जैन कॉन्फ्रेंस तमिलनाडु शाखा के अध्यक्ष धर्मीचंद तालेड़ा, हैदराबाद से सुरेशचंद कटारिया, मनीष आंचलिया, किशोर कटारिया, ललित धारीवाल, सुरेशचंद छल्लानी, गौतमचंद धारीवाल, प्रकाशचंद ओस्तवाल, मैलापुर संघ के अध्यक्ष शांतिलाल चोरडिया, मंत्री विमलचंद खाबिया, प्रतापचंद बैद, एम सी रोड संघ के अध्यक्ष शिखर चंद बेताला, माम्बलम संघ के अध्यक्ष डॉ उत्तमचंद गोठी, वड़पलनी के अध्यक्ष प्रकाशचंद बोहरा, देवीचंद बरलोटा, रिखबचंद बोहरा, भागचंद बरडिया, प्रकाशचंद खारीवाल,सी. महावीर भण्डारी, हुक्मीचंद कोठारी,किशोर धोका, धर्मीचंद कोठारी, रिखबचंद लोढ़ा, देवीचंद गांधी, रामचंद डंक, वईसराज रांका, मीठालाल पगारिया,महावीर चंद कटारिया, महेन्द्र कुमार बैद, आलोक गोलेछा, जवाहरलाल नाहर, प्रकाशचंद खारीवाल, नीलम चंद छाजेड़,अशोक कांकरिया राजेन्द्र कुमार बोहरा, गौतमचंद कटारिया,प्रकाशचंद ललवानी, ललित सांखला, सुरेशचंद ललवानी, किशनलाल खाबिया, मदनलाल गुंदेचा, विनय चंद पावेचा, रूपचंद खिंवसरा, गौतमचंद ललवानी, सुनील लुंकड, आदर्श चौधरी, देवराज खाबिया, स्वरूपचंद झामड, प्रसन्नचंद सकलेचा, रमेशकुमार खींवसरा, हंसराज-ललित कांठेड, ललित मकाणा, दीपचंद कोठारी, प्रकाशचंद कोठारी, विजयराज सुराणा,गौतमचंद गुगलिया, कमल छाजेड़,आनंद चुत्तर,राजेश तातेड़, कोड़म्बाक्कम वडपलनी विहार सेवा ग्रुप, जैन संस्कार मंच, अरिहंत देव ग्रुप आदि गणमान्य व्यक्ति सहित हैदराबाद बेंगलूरु, अरक्कोणम, आदि क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघमंत्री राजकुमार कोठारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन युवक संघ, महिला मंडल की सक्रिय भूमिका रही।



# माँ दधिमती सेवा धाम में सातवां पाट उत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां साहुकारपेट स्थित माँ दधिमती सेवा धाम में सातवां पाट उत्सव मनाया गया। जिसमें सुबह माँ दधिमती का दुग्धाभिषेक साथ आरम्भ हुआ। तत्पश्चात् मातारानी का कुंमकुम से अभिषेक, श्रृंगार एवं महाआरती हुई। दोपहर दधिमती महिला मंडल द्वारा माँ दधिमती का मंगल पाठ हुआ। माता रानी को महिला मंडल द्वारा चुनरी ओढ़ाई गई। संध्या आरती एवं प्रसादी के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव में चेन्नई के विभिन्न इलाकों से भक्तों ने भाग लिया। महोत्सव में सेवा धाम के न्यासी, रघुनाथ हिंसोड़िया, वेंकटेश दाहिमा, लक्ष्मीनारायण ककाड़ा, अध्यक्ष विनोद व्यास,सहित कमल तिवारी, मुकेश पलोड, गिरधारी सूँटवाल, सुरेंद्र इंटोडिया, कमल जोशी, राजीव त्रिवेदी, गोविंद तिवारी समेत अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया।





# अभा नानक प्राज्ञ संघ के राष्ट्रीय चैयरमेन का हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अ.भा.नानक प्राज्ञ संघ के राष्ट्रीय चैयरमेन उम्मेद सिंह नाबेडा के प्रथम बार यहां के उपनगर मायावरम पहुंचने पर संघ के तत्वावधान में उनका शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित श्रीश्रीमाल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष इचरज बांठिया, राष्ट्रीय युवा वाइस चेयरमैन मनोज जैन, धनराज बांठिया, सुरेश बोहरा, महामंत्री धनराज चौधरी,भागचंद अभिषेक सेठी, अरिहंत, ऋषभ, ललीत, विशाल,एवं महिला संघ से स्नेहलता श्रीश्रीमाल, समता बोहरा, मंजु बांठिया, पुष्पा सेठी प्रियंका लोढ़ा, दिपम सेठी, सुरभि श्रीश्रीमाल आदि ने स्वागत किया।

## योगदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के आलथूर में सेवा और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाते हुए महावीर जैन ग्रुप द्वारा आलथूर स्थित उधवुम ननबरगल डे केयर सेंटर को 50 एलईडी ट्यूबलाइट सेट प्रदान किए गए। इस पुनीत कार्य के प्रायोजक कमलेश कुमार एवं तरुण कुमार बाफना रहे। इस अवसर पर महावीर जैन ग्रुप की अध्यक्ष निरूमला वशंत छल्लाणी ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के इस प्रयास से डे केयर सेंटर के रोगियों और कर्मचारियों को बेहतर प्रकाश व्यवस्था प्राप्त होगी, जिससे उनकी सुविधा और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। डे केयर सेंटर की प्रभारी पार्थसारथी ने इस सहयोग के लिए महावीर जैन ग्रुप का आभार व्यक्त किया।



# साध्वी संयमपूर्णाश्री का कोचीन में चातुर्मास प्रवेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोचीन। साध्वी संयमपूर्णाश्रीजी म.सा. का कोचीन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ द्वारा संचालित जैन मंदिर में प्रवेश हुआ। सुबह शोभायात्रा निकली जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए मंदिर पहुंचकर एक धर्मसभा में परिवर्तित हुए। मुख्य आकर्षण रहा केरल के पारम्परिक संगीत बैंड, महिला चुंदड़ी में और पुरुष कुर्ता पयजामा और हाथ में जैन ध्वज और तीर्थांकरों के चित्र और जयकारे के साथ खुशी से चलते नजर आए है।

इस धर्म सभा में सबका स्वागत मंदिर के अध्यक्ष नितिन शाह ने किया। साध्वीश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि चातुर्मास के चार महीने आपको आत्मा चिंतन, मंथन और आपको वर्धमान महावीर के जिन रास्ते पर चलकर कर्म निर्जरा और पुण्य कमाकर आत्मा कल्याण करने का अवसर है। कार्यक्रम में साध्वीश्री के सांसारिक परिवार के ऊटी से शांतिलाल गोलेछा, संजय, मोहन, प्रकाश, प्रवीण, सुदीप, चेन्नई से पूनम गोलेछा परिवार, कोयम्बटूर से निहालचन्द कोचर परिवार आदि गणमान्य उपस्थित थे। कोचीन,एर्नाकुलम और अन्य शहर के जैन समाज के अन्य उपस्थित थे। लाभार्थियों का संघ द्वारा सम्मान किया गया।



# प्रवचन के सार को अपने अंदर उतारें : राष्ट्रसंत कमलमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां के केएलपी जैन स्थानक में शुक्रवार को राष्ट्रसंत कमल मुनिजी कमलेश ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रवचन के साथ साथ प्रैक्टिकल करना प्रारंभ कर दे तो, उन प्रवचनों की गहरी अमिट छाप मन मस्तिष्क पर हमेशा के लिए अंकित हो जाएगी। राम ने शबरी के जूठे बेर न लेते, महावीर चंदन बाला के बाकुले नहीं लेते, कृष्ण विदुर से छिलके न लेते, तो आज इतिहास नहीं बनता। उन्होंने कहा कि आदर्शवाद की बातें उपहास का पत्र बनती है। जंगलों में रहकर प्रैक्टिकल किया हजारों वर्षों बाद भी जनता के लिए श्रद्धा और आस्था के केंद्र बने हुए हैं।

मुनि कमलेश ने बताया कि महापुरुषों का आचरण ही, हमारे लिए उपदेश बन गया आज भी उसको सुनकर जनता भाव विभोर हो जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे अचार्य विचार व्यवहार में समानता,सादगी, और सद्भाव होने पर इंसान तो क्या पशु भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा।

जैन संत ने कहा कि फूल में खुशबू होगी, भंवरे बिना निमंत्रण के वहां मंडराने लगेंगे। नकली फूल पर कितना ही इत्र लगा लो तो भी वह भंवरों को आकर्षित नहीं कर पाते हैं। बाहरी चमक दमक इंद्रधनुष की भांति उड़ जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ सेवक डॉक्टर सोहन राज जैन, सुरेश चंद छल्लनी बेंगलूरु, स्वरूपचंद झामड़, राजू बोहरा, सलोनी खिंवेसरा, सिद्धेचंद लोढ़ा आदि उपस्थित थे।

# अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में अलंकरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




चेन्नई। यहां 4 जुलाई को अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज में प्राथमिक एवं सीनियर कक्षाओं के छात्रों का विभिन्न पदों के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, सहायक प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग सेंट जोसेफ कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग के लेफ्टिनेंट श्रीकांत आर. ने मुख्य अतिथि पद को सुशोभित किया। विद्यालय के छात्र हिरेश तपसराज ने अपने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत। छात्रा आयुषी तोदी ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी ने शॉल ओढाक़र तथा समिति सदस्य शिल्पा जलान ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के गत वर्ष के छात्र नेता जिनांक शाह ने सुपर सीनियर स्तर पर हिरेन एवं प्रिशा जैन को छात्र एवं छात्रा नेता पद की शपथ दिलाई। प्राथमिक कक्षा स्तर में हुनर अग्रवाल ने मान्या जैन तथा रेहांश को छात्र एवं छात्रा नेता पद की शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त खेल सचिव स्नेह रावल तथा खुशी सेठिया, साहित्य सचिव सायंतिका मांझी तथा तनिष्का जैन, सांस्कृतिक सचिव प्रगति शर्मा तथा नेत्रा जैन और हेड मार्शल पद के लिए उन्नति जैन, पक्षल सोलंकी एवं भव्या सोलंकी को शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि, समिति सदस्यों तथा प्रधानाचार्या ने छात्रों को बैचेस लगाते हुए उनके महत्व के बारे में बताया और उनके दायित्वों से अवगत कराया ताकि आगे चलकर वे समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभा सके। सभी चार सदनों के वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के छात्र- छात्रा नेताओं को भी पद निर्वहन की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक भाषण से सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने भी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। छात्रा रीति भंडारी ने मंच का संचालन एवं छात्रा सिद्धि जैन के धन्यवाद ज्ञापित किया।



# मुख्यमंत्री स्टालिन ने जारी किया कोयम्बटूर मास्टर प्लान-2041

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शुक्रवार को यहां सचिवालय चेन्नई में आवास और शहरी विकास विभाग के तहत शहरी नियोजन मिशन द्वारा तैयार कोयम्बटूर मास्टर प्लान 2041 को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने जारी किया। इसके अलावा, सचिवालय में राजमार्ग और लघु बंदरगाह विभाग की ओर से कुड्डालोर बंदरगाह के संचालन के लिए महाथी कुड्डालोर पोर्ट एंड मैरीटाइम प्राइवेट लिमिटेड और तमिलनाडु मैरीटाइम बोर्ड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कृषि-किसान कल्याण विभाग की ओर से पोषण कृषि आंदोलन नामक एक नई परियोजना का शुभारंभ किया, 5 लाभार्थियों को सब्जी बीज किट, फलों के पौधे और दालें वितरित कीं।

विभाग की ओर से 103.38 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 52 भवनों का लोकार्पण किया। - पशुपालन विभाग की ओर से 25.15 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विभिन्न भवनों का लोकार्पण किया। - तिरुचेंदूर में सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में 10.57 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 52 कमरों वाले भक्त छात्रावास का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया उद्घाटन।

# दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर रिजीजू की टिप्पणी पर चीन ने जताई आपत्ति

बीजिंग/भाषा। चीन ने शुक्रवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू की इस टिप्पणी पर आपत्ति जताई कि दलाई लामा को अपनी इच्छानुसार उत्तराधिकारी का चुनाव करना चाहिए। चीन ने भारत से तिब्बत से संबंधित मुद्दों पर सावधानी से काम करने का आह्वान किया, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सुधार पर इसका प्रभाव न पड़े। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने रिजीजू की टिप्पणियों को लेकर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारत को 14वें दलाई लामा की चीन विरोधी अलगाववादी प्रकृति के प्रति स्पष्ट होना चाहिए और 'शिजांग' (तिब्बत) से संबंधित मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करना चाहिए। चीन तिब्बत का उल्लेख 'शिजांग' के नाम से करता है। माओ ने कहा कि भारत को अपने शब्दों और कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए, शिजांग से संबंधित मुद्दों पर चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना बंद करना चाहिए।

# श्रीराम प्रॉपर्टीज का बेंगलूरु में नई आवास परियोजना से 350 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाने का लक्ष्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/चेन्नई। रियल एस्टेट कंपनी श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड का बेंगलूरु में अपनी नई आवासीय परियोजना से 350 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने बेंगलुरु में एक आवासीय परियोजना 'कोडनेम : द वन' शुरू की है। इसमें 340 अपार्टमेंट शामिल हैं।

परियोजना में कुल बिक्री योग्य क्षेत्र लगभग पांच लाख वर्ग फुट है और इसकी राजस्व क्षमता 350 करोड़ से अधिक है। इस परियोजना के अगले तीन वर्षों में विकसित होने की उम्मीद है। श्रीराम प्रॉपर्टीज लिमिटेड देश के अग्रणी आवासीय रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। इसने बेंगलूरु, चेन्नई और कोलकाता में 2.76 करोड़ वर्ग फुट के बिक्री योग्य क्षेत्र के साथ 48 परियोजनाएं वितरित की हैं।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.